तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **संतोष मिस्त्री** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353394153435014	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04/25	अपीलार्थी संतोष मिस्त्री निवासी मकान नंबर 39, बंगाली क्वार्टर, प्रताप नगर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 31.12.2024 को बंगाली क्वार्टर, प्रताप नगर, जोधपुर में पुर्नावास शरणार्थीयों को मकान आंवटित किन नियमों व शर्तों के आधार हेतु व किन –किन व्यक्तियों को वर्ष 1975 से वर्ष 1985 तक का विवरण की सम्पूर्ण जानकारी के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया. तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 362 दिनांक 17.04..2025 से बतलाया कि प्रार्थी चाही गई सूचना जोधपुर नगर निगम दक्षिण से संबंधित होने से प्रार्थना पत्र सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत पत्र दिनांक 13.01.2025 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी नगर निगम दक्षिण, जोधपुर को अंतरित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.04.30 16:51:38 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.: 15013276